# पैन–आईआईएम वर्ल्ड मैनेजमेंट कॉन्फ्रेंस 27 से, 12 सत्र में हजार से ज्यादा पेपर होंगे प्रेजेंट

## पैन-आईआईएम वर्ल्ड मैनेजमेंट कॉन्फ्रेंस 27 से, 12 सत्र में हजार से ज्यादा पेपर होंगे प्रेजेंट

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची 27 से 29 नवंबर तक 10वां पैन-आईआईएम वर्ल्ड मैनेजमेंट कॉन्फ्रेंस की मेजबानी कर रहा है। 27 नवंबर को सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन होगा। वर्ल्ड बैंक के कंट्री डायरेक्टर पॉल प्रोसेक, फिल्म निर्माता और उद्यमी रोनी स्क्रूवाला सहित आईआईएम रांची के प्रोफेसर सहित अन्य शामिल होंगे। तीन दिवसीय सम्मेलन का विषय \'प्रबंधन अनुसंधान के माध्यम से सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देना' है। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कॉन्फ्रेंस को लेकर देश के अलावा अमेरिका, दक्षिण कोरिया तथा यूरोपीय देशों से पेपर मिले हैं। सम्मेलन में 10-12 सत्र में हजार से ज्यादा पेपर प्रेजेंट किए जाएंगे। पहले दिन पैनल चर्चा होगी। आईआईएम भारत के विकास एजेंडे का नेतृत्व कैसे कर सकते हैं, विषय पर चर्चा का संचालन प्रो. दीपक श्रीवास्तव करेंगे। इसमें सभी 21 आईआईएम के निदेशक भाग लेंगे।



कार्यक्रम की दी गई जानकारी।

Dainik Bhaskar_26.11.2025_p. 03

# आइआइएम रांची में वर्ल्ड मैनेजमेंट कांफ्रेंस कल से




कांफ्रेंस की जानकारी देते आइआइएम रांची के निदेशक और अन्य.

**रांची.** आइआइएम रांची में 10वां पैन-आइआइएम वर्ल्ड मैनेजमेंट कांफ्रेंस का आयोजन 27 से 29 नवंबर तक होगा. इसका थीम है : ड्राइविंग सोशल इंपैक्ट थ्रू मैनेजमेंट रिसर्च. आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिवर्ष विभिन्न आइआइएम द्वारा बारी-बारी से इस कांफ्रेंस का आयोजन किया जाता है. इस बार के कांफ्रेंस में पैनल चर्चा, पूर्ण सत्र, व्याख्यान, पेपर प्रेजेंटेशन आदि होंगे. प्रतिभागियों को समृद्ध शैक्षणिक चर्चा में शामिल होने और प्रभावशाली अनुसंधान कनेक्शन बनाने का अवसर मिलेगा. इस वर्ष विभिन्न देशों से लगभग 1400 से अधिक शोध पत्र मिले हैं, जिसमें 1000 पेपर चुने गये हैं.

कांफ्रेंस का उद्घाटन 27 नवंबर को होगा. इस अवसर पर द वर्ल्ड बैंक के कंट्री डायरेक्टर पॉल प्रोसी, उद्यमी और फिल्म निर्माता रॉनी स्क्रूवाला, प्रो सुभ्रो सरकार, प्रो मनीष बंसल, प्रो कृष्णा कुमार ददसेना आदि उपस्थित रहेंगे.

Prabhat Khabar_26.11.2025_P. 5

# विश्व प्रबंधन सम्मेलन कल से, 1400 शोध पत्र आए

**आईआईएम**

- देश-विदेश के विशेषज्ञ व प्रतिभागी शामिल होंगे
- इनोवेशन पर एक एआई प्रदर्शनी लगाई जाएगी

**रांची, विशेष संवाददाता।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची की ओर से तीन दिवसीय 10वें पैन-आईआईएम विश्व प्रबंधन सम्मेलन (डब्ल्यूएमसी) 2025 का आयोजन 27-29 नवंबर को किया जा रहा है। मंगलवार को आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन के लिए देश-विदेश से कुल 1400 शोध पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से समीक्षा के बाद 1000 शोध पत्रों का चयन किया गया है। सम्मेलन का मुख्य विषय- प्रबंधन अनुसंधान के माध्यम से सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य विकसित भारत-2047 के निर्माण के लिए प्रबंधन अनुसंधान आधारित रोडमैप तैयार करना है।

उद्घाटन सत्र में वर्ल्ड बैंक के कंट्री डायरेक्टर के अलावा प्रसिद्ध उद्यमी रोनी स्क्रूवाला विशेष अतिथि होंगे। सुरेश प्रभु, राजेंद्र श्रीवास्तव, पद्मश्री अनिल गुप्ता व अन्य भी रहेंगे।

Hindustan_26.11.2025_P. 06

# आइआइएम में 10वां पैन-आइआइएम विश्व सम्मेलन कल से

जासं, रांची : आइआइएम रांची 27 से 29 नवंबर तक 10वें पैन-आइआइएम विश्व प्रबंधन सम्मेलन (डब्ल्यूएमसी) की मेजबानी करेगा। इस सम्मेलन का विषय प्रबंधन अनुसंधान के माध्यम से सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देना है, जो सामाजिक रूप से जिम्मेदार और टिकाऊ भविष्य के निर्माण में अनुसंधान-आधारित अंतर्दृष्टि के महत्व को दर्शाता है। मंगलवार को आइआइएम रांची में सम्मेलन की प्रमुख विशेषताओं, उद्देश्यों और अपेक्षित परिणामों की घोषणा के लिए एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई।

आइआइएम रांची के निदेशक और सम्मेलन संरक्षक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने सम्मेलन का परिचय दिया। यह सम्मेलन विभिन्न आइआइएम द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

Dainik Jagran_26.11.2025_P. IV